Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
पाठ -5 साथी हाथ बढ़ाना (गीत)	Topic: प्रश्नोत्तर	Note: Pl. write in your note book

पाठ – साथी हाथ बढ़ाना (गीत)

प्रश्नोत्तर ः -

प्रश्न 1- इंसान चाहे तो क्या कर सकता है ?

उत्तर:- इंसान चाहे तो चट्टानों में भी रास्ता निकाल सकता है

प्रश्न 2 हमारी मंजिल क्या है और हमारा रास्ता क्या है ?

उत्तर:- हमारी मंजिल सच की मंजिल है और हमारा रास्ता भलाई का रास्ता है |

प्रश्न 3 किसके सहारे इंसान अपना भाग्य बना सकता है ?

उत्तर:- मेहनत के सहारे इंसान अपना भाग्य बना सकता है |

प्रश्न 4 गीतकार कहाँ राहें पैदा करने की बात कह रहा है ?

उत्तर:- गीतकार चट्टानों में राहें पैदा करने की बात कह रहा है |

प्रश्न 5 'सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया'---
साहिर ने ऐसा क्यों कहा है?

उत्तर:- साहिर ने ऐसा इसलिए कहा है क्योंकि एकता में इतनी शक्ति होती है कि वह बड़ी से बड़ी रुकावटों को भी दूर कर सकती है सागर और पर्वत तो एक उदाहरण हैं यदि मनुष्य मिलकर काम करे तो कठिन लक्ष्य भी आसान हो जाता है |

प्रश्न 6 -गीत में सीने और बाँहों को फ़ौलादी क्यों कहा गया है?

उत्तर:- ईश्वर ने हमारी बाँहों और सीने को असीम ताकत दी है | यह ताकत हवाओं का रुख मोड़ सकती है और आसमान को भी झुका सकती है| यही कारण है कि गीत में सीने और बाँहों को फौलादी कहा गया है |

प्रश्न 7- यह कविता हमें क्या प्रेरणा देती है ?

उत्तर:- यह कविता हमें मिलजुल कर काम करने की , एक दूसरे की मदद करने , देश के लिए सोचने और मेहनत करने की प्रेरणा देती है | यह कविता देशवासियों को एक सूत्र में बाँधने का काम करती है |

****